संख्या-10/2016/34/26-3-2016

प्रेषक,

वीरेन्द्र कुमार सिंह
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ:दिनांक 19 जनवरी,2016

विषयः-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों के शैक्षिक भ्रमण हेतु कार्यक्रमों के सम्बन्ध में ।

महोदय

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1507/स0क0/विकास/2015-16, दिनांक-31.12.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्रों को इतिहास संस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के शैक्षिक भ्रमण किये जाने पर आने वाले व्यय के लिये बिन्दु संख्या-1 से 5 पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार निम्नवत् बिन्दुओं पर अनुमति प्रदान की जाती हैः-

(i) राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों की शैक्षिक भ्रमण हेतु कार्यक्रम कम से कम 03 वर्ष संचालित किया जाय, प्रत्येक छात्रों को प्रत्येक शैक्षिक सत्र में 02 बार भ्रमण कराया जाय, 50 छात्रों को उनकी क्षमता के आधार पर चयन किया जाय, प्रारंभिक कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के विशेष क्षेत्रों हेतु प्रारंभ किया जाय एवं आगामी वर्षों में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का विस्तार किया जाय।

(ii) प्रतिभागी छात्रों तथा अध्यापकों के भ्रमण हेतु साधन की व्यवस्था की जाय।

(iii) इतिहास संस्था के कार्मिकों के ठहरने तथा खाने की व्यवस्था तथा इतिहास लर्निंग माड्यूल तैयार करने की व्यवस्था की जाय।

(iv) इतिहास संस्था के 04 शिक्षक कर्मिकों के लिये दिल्ली से लखनऊ हेतु शाताब्दी ट्रेन अथवा ।।। ए.सी. किराया उपलब्ध कराया जाय।

(v) रू0-150/- प्रति छात्र की दर से इतिहास संस्था को कक्षा की छात्र क्षमता के अनुसार दिया जाय, न की छात्रों की उपस्थिति के आधार पर।

भवदीय

वीरेन्द्र कुमार सिंह
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in